त्रैमासिक बैठक में ट्रस्ट के पुनर्गठन की संभावना

दोनों ट्रस्टियों के त्यागपत्र पर भी होगा निर्णय, सीईओ की नियुक्ति पर भी शीघ्र निर्णय की उम्मीद

तवलीन कुमार मिश्र ● जागरण

अयोध्या : राम मंदिर के चढ़ावा चोरी मामले की एसआइटी जांच के बीच ही आठ आरोपितों के जेल चले जाने और दो ट्रस्टियों के त्यागपत्र दे देने से अब श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पुनर्गठन की संभावना प्रबल हो उठी है। सूत्रों के मुताबिक विशेष जांच दल (एसआइटी) ने भी प्रारंभिक रिपोर्ट में न केवल पुनर्गठन की संस्तुति की है, बल्कि किसी प्रशासनिक अधिकारी को मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बनाने की भी आवश्यकता जताई है। ऐसे में 11 जुलाई को प्रस्तावित ट्रस्ट की त्रैमासिक बैठक महत्वपूर्ण होगी। बैठक में अभी समय शेष है, इसलिए माना जा रहा कि केंद्र सरकार भी इस बीच सीईओ की नियुक्ति के संबंध में अंतिम निर्णय ले लेगी।

विशेष जांच दल (एसआइटी) के मंगलवार को प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपने के बाद गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज हो जाने और शुक्रवार को आरोपितों के जेल जाने के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय व सदस्य डा. अनिल कुमार मिश्र पर त्यागपत्र का दबाव बढ़ गया था। बताया जा रहा कि मीडिया में चल रहीं विभिन्न खबरों के चलते संघ व विहिप के दबाव पर दोनों पदाधिकारियों ने पीएमओ के निर्देश पर इस्तीफा सौंपा है। हालांकि इस्तीफे को लेकर भी तमाम अटकलें हैं, परंतु शनिवार को कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि ने एक पत्र ट्रस्ट के एक्स हैंडल पर पोस्ट कर इसकी जानकारी सार्वजनिक की। साथ ही यह भी बताया कि ट्रस्ट की बैठक में इसे स्वीकृत करने पर विचार होगा। ट्रस्ट की त्रैमासिक बैठक 11 जुलाई को संभावित है। ट्रस्टी स्वामी विश्वप्रसन्नतीर्थ का कहना है कि बैठक में ट्रस्टियों से चर्चा के बाद इस्तीफे पर निर्णय लिया जाएगा।

उधर, ट्रस्ट में सीईओ की नियुक्ति पर भले अभी निर्णय नहीं हुआ है, परंतु सेवानिवृत्त दो प्रशासनिक अधिकारियों के नाम चर्चा में हैं। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र का नाम पहले ही चल रहा था। अब रिटायर्ड आइएएस योगेश्वरराम मिश्र का भी नाम लिया जाने लगा है। प्रयागराज के मूल निवासी और 2005 बैच के आइएएस अधिकारी रहे योगेश्वरराम मिश्र वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य लोकसेवा अधिकरण में सदस्य (प्रशासनिक) पद पर तैनात हैं। वह जनवरी से मार्च 2016 में अयोध्या में जिलाधिकारी भी रहे हैं।



जन्मभूमि पर निर्मित दिव्य-भव्य राम मंदिर का स्वर्ण शिखर ● सौ. ट्रस्ट

राम मंदिर को नहीं बनना चाहिए सत्ता का उप निवेश : मिथिलेश नंदिनी

राम मंदिर ट्रस्ट में सीईओ की नियुक्ति की चर्चा के बीच आध्यात्मिक चिंतक एवं सुप्रसिद्ध पीठ हनुमन्निवास के महंत आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण ने कहा कि राम मंदिर और अयोध्या संतों की राजधानी है और उसे संत ही चलाएंगे। जिसकी राजधानी होगी, वही चलाएगा। राम मंदिर के संचालन का दायित्व किसी प्रशासनिक अधिकारी को दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण होगा। उन्होंने रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के संभावित पुनर्गठन में संतों के समुचित प्रतिनिधित्व की जरूरत पर बल दिया। साथ ही स्पष्ट किया कि रामजन्मभूमि को सत्ता का उपनिवेश नहीं बनना चाहिए।

त्यागपत्र होगा स्वीकृत, तो तीन पद हो जाएंगे रिक्त

यदि दोनों ट्रस्टियों का त्यागपत्र स्वीकृत होगा, तो ट्रस्ट में तीन पद रिक्त हो जाएंगे। एक पद अयोध्या राज परिवार के मुखिया रहे बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के निधन के कारण लगभग एक वर्ष से खाली है। वहीं, ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपालदास, सदस्य व अधिवक्ता के. परासरण सहित कुछ अन्य ट्रस्टी स्वास्थ्य व अधिक आयु के कारण पहले से ही सक्रिय नहीं हैं। ये बैठकों में भी आनलाइन ही सम्मिलित हो पाते हैं। ऐसे में अगर ट्रस्ट का पुनर्गठन होता है, तो इन ट्रस्टियों के स्थान पर भी नए नामों पर विचार किया जा सकता। यदि केंद्र सरकार ट्रस्ट में किसी सीईओ की नियुक्ति करती है, तो इसके लिए पहले उपविधि (बायलाज) में परिवर्तन करना पड़ेगा। विधि मामलों के जानकार बताते हैं कि बिना ट्रस्ट की नियमावली बदले सीईओ की नियुक्ति नहीं की जा सकती है। वर्तमान नियमावली में सीईओ पद का प्रविधान नहीं है।

लवकुश ने गणना से जुड़ते ही पत्नी के नाम खरीदा प्लाट

जासं, अयोध्या : राम मंदिर के चढ़ावा चोरी मामले में जिस आरोपित कार मिस्त्री रहे लवकुश मिश्र को गरीब व निर्दोष बता कर फर्जी फंसाने की बात स्वजन कर रहे हैं, उसने दानराशि की गणना से जुड़ने के बाद अयोध्या शहर में न केवल महंगा भूखंड खरीदा, बल्कि उस पर हाल ही में दो मंजिला मकान भी बनवा लिया। यह अलग बात है कि उसके पिता राजेश मिश्र उर्फ बच्चूलाल ने उसे खेत गिरवी रखकर बनवाने की बात कही है। इसी मकान के ही समीप उसने पत्नी सुप्रिया मिश्रा के नाम जमीन भी खरीदी है। इसकी कागजों पर कीमत तो आठ लाख 80 हजार रुपये बताई गई है, परंतु इसके एवज में विक्रेता को उसकी ओर से लगभग 30 लाख रुपये चुकाने की बात सामने आई है। सोहावल के तहसीलदार न्यायालय से इसी वर्ष मार्च में इसका दाखिल-खारिज भी हो चुका है। हालांकि इस जमीन पर अभी मकान नहीं निर्मित हुआ है।

लवकुश के बयान में दादा ने किया दावा, वह निर्दोष है : चढ़ावा चोरी मामले के एफआइआर व गिरफ्तारी के बाद आरोपितों पर पुलिस कार्रवाई तेज हुई है। शुजागंज प्रतिनिधि के अनुसार, उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह व दो आरक्षी दिनभर आरोपित लवकुश के घर पर डटे रहे। हाल ही में तीर्थ यात्रा से लौटे जगदंबा प्रसाद ने नाती लवकुश का बचाव करते हुए दावा किया कि वह निर्दोष है, निष्पक्ष जांच से सच्चाई सामने आएगी। लवकुश के पिता बच्चूलाल पर भी कर नहीं मिले। रुदौली कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि लवकुश की संपत्ति से संबंधित ब्योरा जुटाया जा रहा है। लवकुश के साले अनुकल्प मिश्र के मिल्कीपुर के बसावां गांव स्थित पैतृक घर पर भी छापेमारी हुई। वहां अनुकल्प के बुजुर्ग बाबा व दादी मिले। उन्हें घटना की कोई जानकारी नहीं है। कमरों की तलाशी में कुछ हाथ नहीं लगा।

रिटायर्ड बैंककर्मी के घर पहले ही हुई थी छापेमारी : गणना इंचार्ज रहे रिटायर्ड बैंककर्मी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव के देवकाली स्थित घर पर पुलिस टीम ने शुक्रवार को ही छापेमारी की थी, परंतु उनके घर से न तो कोई नकदी बरामद हुई, न ही आभूषण या अन्य प्रपत्र मिलने की सूचना है जबकि एक अन्य आरोपित करणेश के घर भी पहले पुलिस जा चुकी है।

टिन्नू के घर में घुसने से पहले पुलिस ने दी तलाशी : रामशंकर यादव टिन्नू के आवास पर सीओ के साथ पहुंची पुलिस टीम को घर में प्रवेश करने से पहले स्वयं की तलाशी करानी पड़ी। स्वजन ने किसी आशंका के दृष्टिगत कार्रवाई को पारदर्शी व विश्वसनीय बनाने के लिए पहले पुलिसकर्मियों की तलाशी लेने की मांग की। इस पर क्षेत्राधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने सहमति व्यक्त करते हुए सभी पुलिसकर्मियों की जांच कराने दी।

मामले की जांच में एसबीआइ दे रही पूरा सहयोग

राब्यू, जागरण, लखनऊ: श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) ने विशेष जांच दल (एसआइटी) का हर प्रकार से सहयोग करने का निर्णय लिया है। इस संदर्भ में एसबीआइ के मुख्य महाप्रबंधक दीपेश राज ने कहा कि श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय से एसबीआइ द्वारा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास को बैंकिंग की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मंदिर के दानपात्रों से प्राप्त दान के प्रबंधन में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए गठित एसआइटी को बैंक द्वारा जांच में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है। एसआइटी को आगे भी पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा।

बंगाल में यूं ही नहीं धधक उठा आम लोगों का आक्रोश

जागरण विशेष

इंद्रजीत सिंह ● जागरण

कोलकाता: तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ जनता का गुस्सा खुलकर सड़कों पर दिखाई दे रहा है। यह आक्रोश किसी एक घटना का नतीजा नहीं, बल्कि वर्षों से जमा होते आ रहे असंतोष का विस्फोट है। कटमनी, भ्रष्टाचार और वसूली की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी थीं कि सरकार बदलते ही जनता का सब्र टूट गया। सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए कमीशन देने की मजबूरी, स्थानीय स्तर पर सिंडिकेट राज और सत्ता के संरक्षण में फलते-फूलते भ्रष्टाचार ने आम लोगों के भीतर सुलग रहे गुस्से को भड़का दिया। बंगाल में जब-जब सत्ता परिवर्तन हुआ, उसके बाद जमीनी स्तर पर विकास कार्यों, निर्माण सामग्री (बालू, सीमेंट) और स्थानीय व्यवसायों पर नियंत्रण के लिए 'सिंडिकेट' मजबूत हुए। शुरुआत में इसे रोजगार का जरिया माना गया, लेकिन धीरे-धीरे यह जबरन वसूली का आधार बन गया। इस दौर में जब केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं (जैसे- आवास योजना, शौचालय निर्माण, मनरेगा व राशन) सीधे जनता तक पहुंचने लगीं, लेकिन स्थानीय स्तर के नेताओं ने इन लाभ को आम जनता तक पहुंचाने के बदले एक निश्चित 'कमीशन' (कटमनी) तय कर दिया। 20 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक की मांग आम हो गई। शिक्षक भर्ती घोटाला, मवेशी तस्करी और राशन घोटाले में जब सत्ताधारी दल के शीर्ष नेताओं के घरों से नोटों के बंडल निकले, तो लोग स्तब्ध रह गए। जो जनता पांच सौ, एक हजार रुपये के कटमनी के लिए प्रताड़ित हो रही थी, उसने टीवी पर करोड़ों रुपये की नकदी देखी। यहीं से सब्र का बांध टूटना शुरू हुआ।

अपने संसदीय क्षेत्र श्रीरामपुर में पश्चरात के बाद जमीन पर गिरे तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ● इंटरनेट मीडिया

लोगों में लंबे समय से पनप रही थी नाराजगी

कोलकाता के बेलघरिया के रहने वाले राहुल सेन का कहना है कि ये घटनाक्रम इस बात का भी संकेत है कि जब सत्ता का अहंकार जनता के अधिकारों पर भारी पड़ने लगता है, तो विरोध स्वत:स्फूर्त रूप से सड़कों पर उतर आता है। हुगली के चुंचुड़ा की मौसमी दत्ता के मुताबिक राज्य में हाल के दिनों में सामने आए घटनाक्रम केवल राजनीतिक हिंसा की कहानी नहीं है, बल्कि उस जनाक्रोश की अभिव्यक्ति हैं, जो लंबे समय से भीतर ही भीतर पनप रहा था।

बंगाल की जनता का यह आक्रोश स्वाभाविक है। वर्षों तक भ्रष्टाचार, कटमनी और राजनीतिक अत्याचार झेलने के बाद लोग अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। – **शमिक भट्टाचार्य,** प्रवेश अध्यक्ष, भाजपा

भाजपा प्रतिशोध की राजनीति कर रही है। टीएमसी नेताओं पर हमलों के पीछे भाजपा समर्थित तत्व सक्रिय हैं और पार्टी को बदनाम करने की साजिश चल रही है। - **कुणाल घोष,** प्रवक्ता, तृणमूल कांग्रेस

अतिरिक्त सामग्री पढ़ने के लिए स्कैन करें।

दानपात्र में चोरी करने वाले पर हो सख्त कार्रवाई : शिवपाल

जासं, आजमगढ़ : सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने चढ़ावा चोरी मामले की निंदा करते हुए रविवार को कहा कि इसमें बड़े लोगों को बचाया गया है, जबकि छोटे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। उन्होंने प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग करते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। शिवपाल ने पत्रकारों से कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से हटाने का मन बना चुकी है।

LUMINOUS SOLAR
अब बिजली का बिल नहीं आएगा भारी
ON GRID
OFF GRID
• HYBRID
आज ही कॉल करें 8076065542
7991212440

IndianOil
CIN-L23201MH1959GOI011388
आईओसीएल, मथुरा रिफाइनरी में 151 अप्रेंटिस की नियुक्ति हेतु अधिसूचना
विज्ञापन संख्या: MR/HR/APP1/2026–27 दिनांक: 29.06.2026
मथुरा रिफाइनरी, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की रिफाइनिंग इकाई, भारत के सबसे बड़े व्यावसायिक उपक्रमों में से एक और एक Fortune Global 500 कंपनी, राष्ट्र के कौशल निर्माण पहल के तहत निम्नलिखित ट्रेडों/विशिष्टियों में अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 / 1973 (यथा संशोधित) के अंतर्गत अप्रेंटिस की नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों से उत्तर प्रदेश में स्थित मथुरा रिफाइनरी के लिये आवेदन आमंत्रित करती है।
आयु सीमा: उम्मीदवार की आयु 30.06.2026 को 18 वर्ष से 24 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आरक्षण राष्ट्रपति के निर्देशों/भारत सरकार के दिशा-निर्देश के अनुसार लागू होगा।
विस्तृत विज्ञापन, जिसमें आरक्षण, आवश्यक शैक्षिक योग्यता तथा अन्य पात्रता मानदंड शामिल हैं वह वेबसाइट www.iocl.com पर उपलब्ध है।
आवेदन कैसे करें:
अभ्यर्थी जो कि उपयुक्त पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं वह वेबसाइट www.iocl.com पर जाएं > 'What's New' पर जाएं > Engagement of Apprentices at Mathura Refinery पर जाएं > "Detailed advertisement" (विज्ञापन देखने के लिए) पर क्लिक करें > "Click here to Register/Apply on NAPS/NATS" (अवसरों के लिए रजिस्टर/आवेदन करने के लिए) पर क्लिक करें > "Click here to submit additional information on MS forms-Mathura Refinery" (फॉर्म भरने के लिए) पर क्लिक करें। अभ्यर्थी जो कि उपयुक्त पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं उन्हें अपने आवेदन दिए गए प्रक्रिया के करने होंगे जिसमे नीचे दिये गये दो चरणों को पूरा करना होगा:
• चरण 1: NAPS/NATS पोर्टल पर पंजीकरण करें और वहीं उपलब्ध अवसरों के लिए आवेदन करें।
• चरण 2: "Click here to submit additional information on MS forms-Mathura Refinery" लिंक पर जाकर Microsoft (MS) फॉर्म में आंशिक विवरण भरें।
उम्मीदवार के पास स्वयं का ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर और NAPS/NATS पोर्टल पर पंजीकृत एक सक्रिय अप्रेंटिस रजिस्ट्रेशन/नामांकन संख्या होना आवश्यक है।
प्रशिक्षण अवधि पूर्ण होने के पश्चात् निगम पर इन प्रशिक्षुओं को रोजगार प्रदान करने की कोई बाध्यता नहीं होगी, और न ही कोई प्रशिक्षु केवल प्रशिक्षण पूर्ण होने के आधार पर रोजगार के अधिकार का दावा कर सकता है।
महत्वपूर्ण तिथियां
NAPS/NATS पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन शुरू होने और Microsoft (MS) फॉर्म भरने की तिथि — 29.06.2026 (प्रातः 10:00 बजे)
NAPS/NATS पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन और Microsoft (MS) फॉर्म भरने की अंतिम तिथि — 28.07.2026 (सायं 05:00 बजे)
दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों की सूची के प्रकाशन की संभावित तिथि — 05.08.2026
दस्तावेज सत्यापन की संभावित तिथि — 11.08.2026 से 18.08.2026

www.zalimlotion.in
जालिम लोशन
दाद, खाज, खुजली एवं एक्जिमा के लिए उपयोगी
मेडिकल स्टोर से आज ही खरीदें

अखिलेश के पास मुल्ला-मौलवियों के सामने घुटने टेकने का ही काम : योगी

जासं, हावरस : मुख्यमंत्री ने कृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति को खुलकर आवाज दी। योगी ने जय श्रीराम के नारों के बीच कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि को भी सम्मान मिलना चाहिए। समाजवादियों को दोहरे चाल चलन वाला बताते हुए कहा कि अखिलेश यादव में हिम्मत नहीं कि वह खुलकर बोलें। उन पर मुल्ला-मौलवियों के सामने घुटने टेकने का ही काम है। उनके पास विकास की कोई ऐसी योजना नहीं, जो अयोध्या, मथुरा या काशी के पौराणिक पहचान दिला सके। ऐसे में खिसियानी बिल्ली की तरह खंभा नोचे वाली कहावत को चरितार्थ न करें। दरअसल, शनिवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर सपा की सरकार बनाने और अयोध्या को अनुकरणीय नगरी के लिए रूप में विकसित करने का संकल्प जताया था।

अखिलेश जी, आप अयोध्या की चिंता मत करिए, पश्चाताप करिए। एक बार प्रभु श्री रामलला के दर्शन कर लीजिए। कम से कम इसी से सद्बुद्धि आएगी। आइए, खुलकर बोलिए कि श्री राम जन्मभूमि मुक्ति के आंदोलन की तर्ज पर ही श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति का भी अभियान चलना चाहिए।'

-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

एनटीपीसी NTPC
एन टी पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
एनटीपीसी – विंध्याचल सुपर थर्मल पावर प्लांट से निःशुल्क, 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर पोंड ऐश उठाने हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रण – वित्तीय वर्ष–2026–27
ईओआई सं. वीएसटीपीएस/पोंड ऐश/2026–27/01 दिनांक: 29.06.2026
एनटीपीसी–विंध्याचल 'निःशुल्क', 'पहले आओ, पहले पाओ' तथा 'जैसा है जहाँ है' के आधार पर एक वर्ष की अवधि हेतु सिंगरौली जिला, विंध्यानगर, मध्य प्रदेश – 486885 में स्थित एनटीपीसी–विंध्याचल सुपर थर्मल पावर प्लांट से पोंड ऐश उठाने के लिए इच्छुक ऐश उपयोगकर्ताओं से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करती है। ऐश उठाने एवं उसके परिवहन का उत्तरदायित्व इच्छुक ऐश उपयोगकर्ता का होगा।
इच्छुक पक्षों से अनुरोध है कि वे अपनी आवश्यकता(एं) निर्दिष्ट मानक प्रारूप में rahulverma@ntpc.co.in/smpandey@ntpc.co.in पर दिनांक 09.07.2026 को 18:00 बजे तक प्रस्तुत करें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया 9426125018 अथवा 9650997385 पर संपर्क करें।
रुचि की अभिव्यक्ति हेतु 'सामान्य जानकारी' तथा 'आवेदन हेतु मानक प्रारूप' www.ntpctender.ntpc.co.in पर अपलोड किए गए हैं।
पंजीकृत कार्यालय: एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003.
www.ntpc.co.in, सीआईएन: L40101DL1975GOI007966
विद्युत क्षेत्र में अग्रणी

संगठन मजबूती पर हो रहा था मंथन, बाहर कांग्रेस नेताओं में चले लात-घूंसे और जूते

जागरण संवाददाता, अलीगढ़ : कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश ब्रज जोन के प्रभारी तौकीर आलम जिस वक्त पार्टी कार्यालय पर नेताओं के साथ संगठन की मजबूती पर मंथन कर रहे थे, उसी समय कुछ कार्यकर्ताओं में मारपीट हो गई। जूते तक चले। पार्टी नेताओं ने किसी तरह दोनों पक्षों को समझाकर शांत किया। इसके बाद तौकीर आलम ने मीडिया को जनहित के मुद्दों को लेकर कार्ययोजना बताना शुरू किया तभी फिर मारपीट हो गई। इससे वह झल्ला गए, बोले क्या व्यवस्था है? ऐसे ही चुनाव की तैयारी करोगे। वरिष्ठ नेताओं ने किसी तरह मामले को शांत किया।

तौकीर आलम रविवार को नेताओं के साथ पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले आंदोलनों व संगठन की मजबूती आदि के बारे में मंथन करने आए थे। दोपहर डेढ़ बजे पार्टी कार्यालय पर बैठक चल रही थी। तभी सेवा दल के पूर्व सचिव सोनू वाल्मीकि पहुंचे। उनकी पार्टी के महानगर उपाध्यक्ष शाहिद गुड्डू से कहासुनी हो गई। सोनू ने कहा कि बुधवार को निकाले गए कैंडल मार्च में मुझे गाली क्यों दी? देखते ही देखते दोनों में मारपीट हो गई। इससे वहां हंगामा हो गया। कार्यालय के अंदर बैठक कर रहे नेताओं को जानकारी हुई तो वह भी अवाक रह गए। पूर्व एमएलसी विवेक बंसल व अन्य नेता बाहर आए और दोनों पक्षों को समझाया। पार्टी का कार्यकर्ता न होने की बात कहकर सोनू को वहां से भगा दिया। जाते समय भी सोनू और शाहिद गुड्डू में मारपीट हुई। सोनू को सेवा दल के पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक गौड़ अपने साथ लेकर आए थे। शाहिद को इससे शह हुआ कि हमला आलोक ने कराया है। इस शक के चलते उनकी आलोक से कहासुनी हो गई। बात यहीं नहीं थमीं, उन्होंने आलोक को दो-तीन थप्पड़ भी मार दिए।

भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड
केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना (सी.ई.एन) सं. 02/2026
तकनीशियन भर्ती हेतु
(सांकेतिक सूचना)
नीचे दी गई तालिका में उल्लेखित तकनीशियन ग्रेड–I सिग्नल एवं तकनीशियन ग्रेड–III के विभिन्न पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29.07.2026 है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही जमा किए जाने चाहिए। (https://www.rrbapply.gov.in)
आवेदन प्रारंभ होने की तिथि: 30/06/2026
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 29/07/2026 (23:59 बजे)

पद का नाम	वेतन स्तर (रुवे सीपीसी के अनुसार)	प्रारंभिक वेतन (₹)	चिकित्सा मानक	आयु (01.07.2026 को)	रिक्तियां (सभी रे.म.बो.)	कुल रिक्तियां (सभी रे.म.बो.)
तकनीशियन ग्रेड–I सिग्नल	5	29,200/-	बी-1	18–33 वर्ष	323	6557
तकनीशियन ग्रेड–III	2	19,900/-	विस्तृत के.रो.अधि. के अनुसार	18–30 वर्ष	6234	

नोट:
1. प्रत्येक उम्मीदवार को किसी एक वेतन स्तर के लिए केवल एक रे.म.बो. में आवेदन करने की अनुमति है, और उस वेतन स्तर के अंतर्गत अधिसूचित किसी एक या सभी पदों के लिए केवल एक ही सामान्य ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।
2. प्रत्येक वेतन स्तर के लिए अलग से आवेदन पत्र जमा करना होगा।
3. उम्मीदवारों को पुरज़ोर सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरते समय अपने प्राथमिक विवरणों का सत्यापन आधार के माध्यम से करें, ताकि गैर– आधार सत्यापित आवेदनों के लिए भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में विशेष विस्तृत जांच के कारण होने वाली असुविधा और विलंब से बचा जा सके।
4. आधार के माध्यम से सफल सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए, आधार में दर्ज नाम और जन्मतिथि को दस्तावेजी कक्षा के पास प्रमाणपत्र में उपलब्ध पूर्ण नाम और जन्मतिथि से 100% मिलान करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार, ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले आधार में नवीनतम फोटो तथा नवीनतम बायोमैट्रिक (फिंगरप्रिंट एवं आईरिस) अद्यतन किया जाना आवश्यक है।
5. यह सूचना केवल सांकेतिक है, जिसका उद्देश्य संभावित अभ्यर्थियों को आगामी सी.ई.एन. के बारे में सूचित करना तथा आवेदन के लिए आवश्यक प्रमाणपत्रों और दस्तावेजों के साथ तैयार रहने हेतु अग्रगत कराना है। साथ ही यह स्पष्ट किया जाता है कि भर्ती से संबंधित सभी नियम, शर्तें, पात्रता मानदंड, प्रक्रियाएं तथा अन्य आवश्यकताएं विस्तृत सी.ई.एन. संख्या 02/2026 (तथा समय–समय पर जारी होने वाले किसी भी संशोधन सहित) के अनुसार ही लागू होंगी, जिसे नीचे सूचीबद्ध सभी रे.म.बो. की आधिकारिक वेबसाइटों पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

सी.ई.एन. सं. 02/2026 में भाग लेने वाले रेलवे भर्ती बोर्डों की वेबसाइट
केंद्रीकृत वेबसाइट– rrb.indianrailways.gov.in

अहमदाबाद www.rrbahmedabad.gov.in	अजमेर www.rrbajmer.gov.in	बेंगलुरु www.rrbbnc.gov.in	भोपाल www.rrbbhopal.gov.in
भुवनेश्वर www.rrbbbs.gov.in	बिलासपुर www.rrbbilaspur.gov.in	चंडीगढ़ www.rrbcdg.gov.in	चेन्नई www.rrbchennai.gov.in
गुवाहाटी www.rrbguwahati.gov.in	जम्मू–श्रीनगर www.rrbjammu.nic.in	कोलकाता www.rrbkolkata.gov.in	मालदा www.rrbmalda.gov.in
मुंबई www.rrbmumbai.gov.in	मुजफ्फरपुर www.rrbmuzaffarpur.gov.in	पटना www.rrbpatna.gov.in	प्रयागराज www.rrbpryj.gov.in
रांची www.rrbranchi.gov.in	सिकंदराबाद www.rrbsecunderabad.gov.in	सिलीगुड़ी www.rrbsiliguri.gov.in	तिरुवनंतपुरम www.rrbthiruvananthapuram.gov.in
गोरखपुर www.rrbgkp.gov.in	*****	*****	*****

सं. आरआरबी/टीपीसी/सी.ई.एन/02/2026 अध्यक्ष
दिनांक: 29.06.2026 रेलवे भर्ती बोर्ड
जालसाजों, दलालों एवं नौकरी दिलाने का झांसा देने वालों से सावधान रहें।

प्रवेश सूचना
राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली
भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, प्रशिक्षण महानिदेशालय (DGT) के अंतर्गत सी.टी.एस. (Craftsmen Training Scheme) के तहत स्वास्थ्य एवं पैरामेडिकल क्षेत्र में सरकार मान्यता प्राप्त NCVT कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में सत्र अगस्त, 2026 से प्रारंभ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
सत्र 2026 के लिए प्रवेश प्रारम्भ

पाठ्यक्रम	सीटें एवं अवधि	रोजगार के अवसर
रेडियोलॉजी टेक्नीशियन	40 सीटें 2 वर्ष	अस्पताल, एक्स–रे एवं डायग्नोस्टिक सेंटर
फिजियोथेरेपी टेक्नीशियन	40 सीटें 1 वर्ष	फिजियोथेरेपी क्लिनिक, रिहेब सेंटर एवं स्व–रोजगार के अवसर
डेंटल लैब टेक्नीशियन	48 सीटें 2 वर्ष	डेंटल लैब, क्लिनिक एवं स्व–रोजगार के अवसर
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर	144 सीटें 1 वर्ष	नगर निगम, रेलवे एवं अस्पताल

न्यूनतम योग्यता
• 10वीं पास: हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, फिजियोथेरेपी टेक्नीशियन एवं डेंटल लैब टेक्नीशियन
• 12वीं पास (विज्ञान): रेडियोलॉजी टेक्नीशियन
रिक्त सीटों की उपलब्धता एवं पाठ्यक्रम शुल्क की जानकारी संस्थान की वेबसाइट के General Info.Tab में देखें।
1 प्रमाण पत्र: पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर प्रशिक्षुओं को NCVT, भारत सरकार द्वारा जारी नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट (NTC) प्रदान किया जाएगा। यह प्रमाण पत्र केंद्र व राज्य सरकार तथा विभिन्न सार्वजनिक उपक्रम (PSU) में भर्ती हेतु मान्य है।
2 चयन एवं पात्रता: प्रवेश "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर दिए जाएंगे। कोई प्रवेश परीक्षा नहीं।
न्यूनतम आयु: 1 अगस्त, 2026 को न्यूनतम आयु 14 वर्ष।
3 आवेदन प्रक्रिया: अभ्यर्थी निम्न किसी एक माध्यम से आवेदन कर सकते हैं:
(क) ऑनलाइन माध्यम: संस्थान की वेबसाइट www.nitcindia.com पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करें।
(ख) ऑफलाइन माध्यम: संस्थान परिसर में आकर प्रवेश आवेदन पत्र भरें।
ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों आवेदन हेतु ₹500/– का पंजीकरण शुल्क अनिवार्य है। पंजीकरण शुल्क केवल ऑनलाइन भुगतान/UPI मोड द्वारा ही देय होगा। नकद स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4 छात्रवृत्ति:
(क) महिला छात्रवृत्ति: सभी महिला अभ्यर्थी, चाहे किसी भी वर्ग/जाति की हों, प्रवेश के समय प्रथम वर्ष की ट्यूशन फीस पर 10% की छूट प्राप्त करेंगी।
(ख) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति: एससी/एसटी/ओबीसी वर्ग के विद्यार्थी जिनके पास सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र है, वे अपने जिला/राज्य के समाज कल्याण विभाग के माध्यम से छात्रवृत्ति/प्रतिपूर्ति योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं (ट्यूशन फीस की शुल्क प्रतिपूर्ति तक)।
5 बस–पास सुविधा: महिला छात्राएं दिल्ली परिवहन निगम (DTC) की बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकती हैं।
पुरुष छात्र दिल्ली में AC एवं Non-AC बसों हेतु रियायती बस–पास सुविधा ₹100/– प्रति माह प्राप्त कर सकते हैं।
6 महत्वपूर्ण सूचना: प्रवेश संबंधी जानकारी एवं ऑनलाइन पंजीकरण हेतु वेबसाइट www.nitcindia.com पर जाएं।
प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2026 | सीमित सीटें उपलब्ध
ऑनलाइन आवेदन हेतु QR Code स्कैन करें
निदेशक
राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली
30–34, सेक्टर मार्ग, द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन, मेन गजकण्ड रोड, प्लिंथ नं.–771 के सामने, नई दिल्ली–110059
व्हाट्सएप हेल्पलाइन: 9315138815, 011–42828067, (सोमवार से शुक्रवार, सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक)
Email: mail@nitcindia.com | Website: www.nitcindia.com